गुजरात में शहरी विकास के लिये आबंटन

6690. श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :
श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल :

क्या **शहरी कार्य और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 के दौरान गुजरात राज्य को शहरी विकास के लिये कितनी धनराशि प्रदान की गई और उन कार्यों का ब्यौरा क्या है जिनके लिये धनराशि प्रदान की गई है ; और

(ख) मार्च, 1995 तक कितनी अतिरिक्त धनराशि प्रदान किये जाने की संभावना है और धनराशि की सहायता से किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०के० थुंगन) : (क) और (ख) 1994-95 के दौरान, छोटे तथा मझौले कस्बों के एकीकृत विकास की स्कीम (आई०डी०एस०एम०टी०) के तहत शहरी विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए गुजरात सरकार को 150.00 लाख रुपये की केन्द्रीय सहायता दी गई थी। विवरण संलग्न है।

विवरण

1994-95 के दौरान, आई.डी.एस. एम.टी. स्कीम के तहत गुजरात को दी गई कबबार केन्द्रीय सहायता।

क्रमांक	कस्बे का नाम	लाख रुपये में	परियोजना घटक
	नए कस्बे		
1.	पलिताना	24.00	आई०डी०एस०एम०टी० स्कीम का ध्येय टाउनशिप
2.	बोरसाड	22.00	अवस्थापना का सुधार करना है। जो इस प्रकार
3.	धोराजी	7.00	हैं :—
4.	पेटलाड	15.50	(i) वृहत योजना सड़कों का निर्माण/सुधार
5.	पादरा	36.00	(ii) बस अड्डों/ट्रक टर्मिनलों का निर्माण
6.	मांगरोल	11.00	(iii) बाजार और मण्डियां
7	उमाई	13.50	(iv) स्थल और सेवाएं
			(v) पर्यटक सुख-सुविधाएं
	चालू स्कीमें		(vi) पार्क और खेल के मैदान आदि
8.	ऊंझा	1.00	
9.	सिद्धपुर	20.00	
	योग :	150.00	